FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना सिरसागंज दिनांक 15-11-2024 जनपद फिरोजाबाद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना सिरसागंज पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वाँछित 50 हजार रूपये का इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त कुलदीप पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार ।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर अभियुक्त कुलदीप पैर में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा, 01 खोखा कारतूस व चोरी की 01 स्पलेंडर मोटर साइकिल बरामद...**
- **गैंगस्टर एक्ट में वाँछित 50 हजार रूपये का इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त कुलदीप जनपद के थाना सिरसागंज के मु0अ0सं0 644/2011 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 13 वर्ष चल रहा था फरार...**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 644/2011 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 13 वर्ष से वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 15-11-2024 को थाना सिरसागंज पुलिस एवं सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 644/2011 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शिकोहाबाद की तरफ से सिरसागंज की तरफ आ रहा है। उक्त सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा सूरजपुर नहर के पास चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसपर एक व्यक्ति सवार था जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान कुलदीप पुत्र

बलवन्त सिंह निवासी कटमीरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है जो थाना सिरसागंज के मु0अ0सं0 644/2011 में 13 वर्ष से वांछित चल रहा अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1-कुलदीप पुत्र बलवन्त सिंह निवासी कटमीरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त कुलदीप का आपराधिक इतिहासः-

1-मु0अ0सं0 351/2011 धारा 267/268/269/270419/420/467/468 भादवि0 व 60 आबकारी अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2-मु0अ0सं0 509/2011 धारा 60/72 आबकारी अधि0 व 272/273/467/468/420 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

3- मु0अ0सं011/2011 धारा 60/72 आबकारी अधि0 व 420 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद।

4- मु0अ0सं0 644/2011 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1-थाना प्रभारी वैभव कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2-उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

3-उ0नि0 भैय्यालाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

4- उ0नि0 राजनारायण थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

5-है0का0 शिवशंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

6-है0का0 अमित थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

7- का0 राहुल गुप्ता थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

1-प्रभारी सर्विलांस टीम अमित तोमर जनपद फिरोजाबाद।

2-है0का0 अमित उपाध्याय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

3-है0का0 हरवीर सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

4-का0 उग्रसेन सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

5-का0 रघुवीर सिंह सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

6-का0 कृष्णाकुमार सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।